gradeup



# साप्ताहिक वन लाइनर्स

8-14 दिसम्बर 2019





# साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

## 8-14 दिसम्बर 2019

**प्रिय पाठकों,**

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट दुसरे **सप्ताह** (8-14) दिसम्बर **2019** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

### बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

**1.** देश का सबसे बड़ा बैंक जिसने एक वर्ष के सभी उत्पादों पर **मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड बेस्ड लेंडिंग रेट** (MCLR) में **10 आधार अंकों की कटौती** की घोषणा की ___ **भारतीय स्टेट बैंक (SBI)।**

**नोट:**

- यह इस वित्तीय वर्ष में ऋणदाता द्वारा MCLR में लगातार आठवीं कटौती है।
- नई एकवर्षीय MCLR को 8 फीसदी से घटाकर 7.90 फीसदी कर दिया गया है।

**2. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज** (NSE) ने किन पर ब्याज दर विकल्प शुरू किया ___ **दस वर्ष के सरकारी बॉन्ड।**

**नोट:**

- एक्सचेंज ने शुरूआत के पहले ही दिन 5,926 अनुबंधों का टर्नओवर दर्ज किया।
- ब्याज दर विकल्प संस्थागत निवेशकों को अरैखिक उत्पाद के माध्यम से जोखिम प्रबंधन की क्षमता प्रदान करेगा।
- ब्याज दर विकल्प बुनियादी दस वर्ष के सरकारी बॉन्डों पर आधारित हैं, जो 7.26% 2029 बॉन्ड और 6.45% 2029 बॉन्ड हैं।

**3.** भारत 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर की ऋण सहायता (LoC) किसे प्रदान कर रहा है____**बांग्लादेश।**

**नोट:**

- वित्तपोषण का उद्देश्य बांग्लादेश में रक्षा से संबंधित खरीद है।
- भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक्ज़िम बैंक) ने भारत सरकार समर्थित ऋण सहायता (LoC) के लिए बांग्लादेश के सशस्त्र बल विभाग के साथ एक समझौता किया।
- LoC के तहत समझौता समझौते पर हस्ताक्षर करने की तारीख से 10 वर्ष की अवधि के लिए प्रभावी है।

**4.** धनलक्ष्मी बैंक बोर्ड का अतिरिक्त निदेशक किन्हें नियुक्त किया गया ___**वी. विश्वनाथन।**

**नोट:**

- विश्वनाथन वर्ष 2017 में स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद के मुख्य महाप्रबंधक के पद से सेवानिवृत्त हुए थे।
- धनलक्ष्मी बैंक लिमिटेड एक पुराना निजी क्षेत्र का बैंक है, जिसका मुख्यालय त्रिशूर शहर, केरल में है।

**5.** नवंबर में भारत की खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर हो गई _____ **5.54%।**

**नोट:**

- नवंबर में खाद्य मूल्य महंगाई (ग्रामीण और शहरी) 10.01% हो गई।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- इसी महीने में सब्जियों की महंगाई दर बढ़कर 35.99% हो गई, जो अक्टूबर में 26.10% थी।
- उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) पर आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर में 4.62 प्रतिशत (नवंबर 2018 में 2.33%) थी।

**6.** वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस (मूडीज) ने भारत के लिए 2019 GDP विकास दर पूर्वानुमान घटाकर कितना किया ___ **5.6%।**

**नोट:**

- GDP किसी निर्दिष्ट अवधि (आमतौर पर एक वर्ष) के दौरान किसी देश की भौगोलिक सीमाओं के अंदर उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं का अंतिम मूल्य है।
- GDP विकास दर किसी देश के आर्थिक प्रदर्शन का एक महत्वपूर्ण संकेतक है।
- 2019-20 के लिए GDP - 5.6%
- 2020-21 के लिए GDP - 6.6%
- 2021-22 के लिए GDP - 6.7%

**7.** भारतीय स्टेट बैंक (SBI) के साथ **5,000 करोड़ रुपये के मियादी ऋण** के लिए एक ऋण समझौते पर किसने हस्ताक्षर किए ___ **नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (NTPC)।**

**नोट:**

- ऋण सुविधा को बैंक के 3-महीने के MCLR से जुड़ी ब्याज दर पर बढ़ाया गया है और इसमें 15 वर्ष की भुगतान सीमा है।
- ऋण का उपयोग NTPC के पूंजीगत व्यय का वित्तपोषण करने के लिए किया जाएगा।

**8. अमेरिका** और **चीन** ने किस के लिए पहले चरण के व्यापार समझौते की घोषणा की है_____ **वैश्विक अर्थव्यवस्था।**

**नोट:**

- समझौते के प्रथम चरण में बौद्धिक संपदा, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, कृषि, वित्तीय सेवाओं और मुद्रा एवं विदेशी विनिमय के क्षेत्रों में चीन के आर्थिक और व्यापार शासन में संरचनात्मक सुधार और अन्य परिवर्तनों की आवश्यकता है।
- समझौते के अनुसार यदि चीन समझौते के किसी भी नियम को तोड़ता है, तो ट्रम्प प्रशासन को पुन: सीमा शुल्क लागू करने का अधिकार है।
- अमेरिकी व्यापारी लगभग 360 बिलियन डॉलर के चीनी आयात पर मौजूदा शुल्क को कम करने की पेशकश कर रहे हैं।

## श्रद्धांजलियां

**1.** अमेरिका के उत्तरी कैरोलिना स्थित वेंडेल में आवास पर किसका निधन हो गया ____ **जॉर्ज जे. लॉरेर।**

**नोट:**

- लॉरेर वर्ष 1970 के दशक की शुरुआत में नॉर्थ कैरोलिना के रिसर्च ट्राएंगल पार्क स्थित IBM में एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर थे, जब उन्होंने UPC (यूनिवर्सल प्रॉडक्ट कोड), या बार कोड के विकास को गति दी।
- अब सर्वव्यापी मुद्रण, जो अद्वितीय काली पट्टियों और 12 अंकों की संख्या से बना होता है, खुदरा विक्रेताओं को उत्पादों और उनकी कीमतों को जानने में मदद करता है, जिन्हें वे आमतौर पर परीक्षण के दौरान स्कैन करते हैं।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**2.** ओडिशा के पूर्व मंत्री जिनका भुवनेश्वर स्थित उनके आवास पर निधन हो गया____ **भागवत प्रसाद मोहंती।**

**नोट:**

- सूत्रों के अनुसार, मोहंती राज्य विधानसभा के लिए वर्ष 1971 में प्रजा सोशलिस्ट पार्टी (PSP) के उम्मीदवार के रूप में और वर्ष 1985 और 1995 में कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में चुने गए।
- उन्होंने राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री के रूप में कार्य किया था।

**3. भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद** (ICSSR) के अध्यक्ष जिनका निधन हो गया ____**ब्रज बिहारी कुमार।**

**नोट:**

- श्री कुमार को मई 2017 में ICSSR के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था।
- भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICSSR) की स्थापना वर्ष 1969 में भारत सरकार द्वारा देश में सामाजिक विज्ञान में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए की गई थी।

**4.** अमेरिकी फेडरल रिजर्व के पूर्व अध्यक्ष जिनका न्यूयॉर्क में निधन हो गया __ **पॉल वॉल्कर।**

**नोट:**

- पॉल वॉल्कर को 1970 दशक के अंत और 1980 के दशक की शुरुआत में मुद्रास्फीति के खिलाफ लड़ाई के लिए जाना जाता है।
- उन्हें वर्ष 1979 में अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया था।

**5.** प्रख्यात तेलुगु अभिनेता और लेखक जिनका चेन्नई में निधन हो गया __**गोलपुड़ी मारुति राव।**

**नोट:**

- श्री मारुति राव एक पत्रकार, नाटककार, लेखक, अभिनेता और टेलीविजन कलाकार होने के चलते एक बहुमुखी प्रतिभा के व्यक्ति थे।
- एक अभिनेता के रूप में उनकी कुछ यादगार फिल्में 'इंटलो रमैय्या, विधिलो कृष्णैय्या', 'चैलेंज', ' संसारमोका चादरंगम', 'आदित्य 369' और 'लीडर' हैं।
- गोलपुड़ी मारुति राव का जन्म वर्ष 1939 में मद्रास प्रांत के विजियानगरम में, वर्तमान आंध्र प्रदेश में हुआ था।

## महत्वपूर्ण दिवस

**1.** अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक दिवस (IACD) हर वर्ष मनाया जाता है____**9 दिसंबर।**

**नोट:**

- इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक दिवस का विषय "भ्रष्टाचार के खिलाफ एकजुट हों" (United Against Corruption) है।
- प्रत्येक वर्ष रिश्वत के रूप में 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का भुगतान किया जाता है जबकि भ्रष्टाचार के माध्यम से **2.6 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर** की चोरी होती है।
- **संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA)** ने 31 अक्टूबर, 2003 को 58/4 प्रस्ताव पारित करके 9 दिसंबर को **'अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक दिवस'** के रूप में निर्दिष्ट किया था।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

2. **संयुक्त राष्ट्र महासभा** ने नरसंहार अपराध के पीड़ितों की स्मृति और प्रतिष्ठा तथा इस अपराध की रोकथाम का अंतर्राष्ट्रीय दिवस कब मनाया _____**9 दिसंबर।**

**नोट:**

- यह वर्ष सम्मेलन की 70वीं वर्षगांठ का प्रतीक है।
- जैसा कि कन्वेंशन में परिभाषित किया गया है, इस दिवस का उद्देश्य नरसंहार के अपराध का मुकाबला करने और इसे रोकने में जीनोसाइड कन्वेंशन और इसकी भूमिका के बारे में जागरूकता फैलाना और इसके पीड़ितों का सम्मान करना है।

3. विश्व मानवाधिकार दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है_____ **10 दिसंबर।**

**नोट:**

- मानवाधिकार दिवस 2019 का विषय 'मानवाधिकारों के लिए खड़े युवा' (Youth Standing Up for Human Rights) है।
- इस वर्ष "मानव अधिकारों के लिए खड़े होने" का उद्देश्य परिवर्तन के रचनात्मक प्रतिनिधि के रूप में युवाओं की क्षमता का गुणगान करना, उनकी आवाज़ों को बढ़ाना और अधिकारों के संवर्धन और संरक्षण में वैश्विक दर्शकों की एक विस्तृत श्रृंखला को शामिल करना है।

4. अंतर्राष्ट्रीय पर्वत दिवस हर वर्ष मनाया जाता है_____**11 दिसंबर।**

**नोट:**

- IMD-2019 का विषय 'Mountains Matter for Youth' है।
- संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, पर्वत दुनिया की आबादी के 15% और दुनिया के जानवरों और पौधों के एक चौथाई भाग का आवास हैं।

5. **इंटरनेशनल यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे** वैश्विक रूप से मनाया जाता है ____**12 दिसंबर।**

**नोट:**

- इस दिवस का उद्देश्य बहु-हितधारकों के साथ मजबूत और लचीली स्वास्थ्य प्रणालियों की आवश्यकता और यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज के बारे में जागरूकता फैलाना है।
- वर्ष 2019 UHC दिवस का विषय "**Keep the promise**" है।

6. **अंतर्राष्ट्रीय तटस्थता दिवस** एक संयुक्त राष्ट्र दिवस है जो हर वर्ष मनाया जाता है____**12 दिसंबर।**

**नोट:**

- अंतर्राष्ट्रीय कानून में, एक तटस्थ देश एक संप्रभु राष्ट्र होता है जो अन्य राष्ट्रों के बीच युद्ध में भागीदारी से अलग रहता है और युद्धरत देशों के प्रति तटस्थता का रवैया रखता है।
- यह आधिकारिक तौर पर फरवरी 2017 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अपनाए गए प्रस्ताव से घोषित किया गया था और पहला दिवस उसी वर्ष 12 दिसंबर को मनाया गया था।

7. राष्ट्र ने 2001 के संसद हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि कब दी____**13 दिसंबर।**

**नोट:**

- इस दिन (13 दिसंबर 2001), राज्यसभा की संसद सुरक्षा सेवा के दो व्यक्ति, दिल्ली पुलिस के पांच कर्मचारी और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक महिला कांस्टेबल, ने संसद भवन के अंदर आतंकवादियों के प्रवेश को रोकने के दौरान अपनी जान दे दी थी।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**8.** राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस हर वर्ष मनाया जाता है___**14 दिसंबर।**

**नोट:**

- इस दिवस का उद्देश्य लोगों को **ऊर्जा का महत्व** समझाने के साथ-साथ कम ऊर्जा का उपयोग करके अधिक ऊर्जा बचाने या संरक्षित करने के बारे में जागरुक करना है।
- भारत में **ऊर्जा संरक्षण अधिनियम** वर्ष 2001 में ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) द्वारा कार्यान्वित किया गया था।

## नई नियुक्ति

**1.** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) का अध्यक्ष किन्हें नियुक्त किया गया ___ **गिरीश चंद्र चतुर्वेदी।**

**नोट:**

- उनकी नियुक्ति NSE बोर्ड में एक जनहित निदेशक के रूप में शामिल होने के कुछ सप्ताह बाद हुई है।
- श्री गिरीश ICICI बैंक के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में भी कार्य करते हैं।
- नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (NSE) (1992 में स्थापित) भारत का प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज है, जो मुंबई में स्थित है।

**2.** फिनलैंड की सत्तारूढ़ सोशल डेमोक्रेट पार्टी से प्रधानमंत्री पद किन्हें निर्वाचित किया गया (देश के इतिहास में सबसे युवा प्रधानमंत्री) __ **सना मारिन (34-वर्षीय)।**

**नोट:**

- मारिन दुनिया की सबसे युवा प्रधानमंत्री बन जाएंगी।
- प्रधानमंत्री फिनलैंड सरकार का प्रमुख होता है और उसे औपचारिक रूप से राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है।

**3.** **न्यूज ब्रॉडकास्टर्स फेडरेशन** (NBF) ने अपने संचालन मंडल के अध्यक्ष के रूप में किसे चुना ___**अर्नब गोस्वामी।**

**नोट:**

- न्यूज ब्रॉडकास्टर्स फेडरेशन (NBF) भारत के 78 से अधिक समाचार चैनलों (14 भाषाओं) की संस्था है, जो 25 राज्यों के प्रसारकों का प्रतिनिधित्व करती है।
- विषय-वस्तु पर पारदर्शी स्व-नियमन लाने के लिए नए स्व-नियामक संगठन की घोषणा जनवरी 2020 के अंत तक की जाएगी।

**4.** घाना गणराज्य में भारत के अगले उच्चायुक्त के रूप में किसे नियुक्त किया गया है ___**सी. सुगंध राजाराम।**

**नोट:**

- वह बीरेंद्र सिंह यादव की जगह लेंगे।
- वर्तमान में, सुगंध राजाराम दक्षिणी जर्मनी में भारत के महावाणिज्य दूतावास के महावाणिज्यदूत हैं।

**5.** देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक उद्यम इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOCL) का अध्यक्ष किन्हें नियुक्त किया गया ___ **श्रीकांत माधव वैद्य।**

**नोट:**

- श्री वैद्य संजीव सिंह की जगह लेंगे जो अगले वर्ष जून के अंत में कंपनी के अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त होंगे।
- **श्री वैद्य** वर्तमान में IOCL में रिफाइनरीज के निदेशक हैं।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- वैद्य की उम्मीदवारी को मंजूरी के लिए प्रधान मंत्री की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल नियुक्ति समिति के समक्ष रखने से पूर्व भ्रष्टाचार रोधी संस्थाओं CVC और CBI द्वारा जांचा जाएगा।

## महत्वपूर्ण समाचार - भारत

**1.** ह्यूमन लाइब्रेरी कार्यक्रम शुरू हुआ____**मैसूर।**

**नोट:**

- कर्नाटक में, **ह्यूमन लाइब्रेरी**, एक अवधारणा जो पुस्तकों को मनुष्यों के साथ बदलने का प्रयास करती है, महलों के शहर मैसूर में आयोजित किया जाएगा।
- ह्यूमन लाइब्रेरी की धारणा प्रारंभ में वर्ष 2000 में शुरू की गई थी और वर्तमान में 85 से अधिक देशों में मौजूद है, जिसे ह्यूमन लाइब्रेरी ऑर्गनाइजेशन के नाम से जाना जाता है।

**2. इसरो** ने अपने रडार इमेजिंग पृथ्वी अवलोकन उपग्रह **RISAT-2BR1** और नौ विदेशी उपग्रहों को ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (PSLV-C48) के माध्यम से कहां से लॉन्च किया____ **श्रीहरिकोटा, आंध्र प्रदेश।**

**नोट:**

- लॉन्च के लिए उल्टी गिनती कल शाम 4.40 बजे शुरू हुई। इसरो ने कहा कि यदि मौसम की स्थिति सही रही, तो प्रक्षेपण आज अपराह्न 3.25 बजे होना निर्धारित है।
- PSLV-C48 (PSLV का 50वां मिशन) में इजराइल, इटली, जापान और अमेरिका के नौ उपग्रहों को सह-उपग्रहों के रूप में भेजा जाएगा।
- ये अंतर्राष्ट्रीय उपग्रह न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड के साथ एक वाणिज्यिक व्यवस्था के तहत लॉन्च किए गए।

**3.** केंद्र सरकार ने किन स्कूलों में लड़कियों की शिक्षा को अनुमति दी_____**सैनिक स्कूल (चरणबद्ध)।**

**नोट:**

- ये 5 स्कूल- कलिकिरी (आंध्र प्रदेश), कोडागु (कर्नाटक), घोराखल (उत्तराखंड), चंद्रपुर (महाराष्ट्र) और बीजापुर (कर्नाटक) हैं।
- सह-शिक्षा नीति मिजोरम के सैनिक स्कूल में प्रायौगिक आधार पर अपनाई गई थी और अब इसे पूरे देश में लागू किया जा रहा है।

**4.** नागरिकता (संशोधन) विधेयक (CAB) पारित हुआ____**राज्य सभा।**

**नोट:**

- 125 सांसदों ने नागरिकता (संशोधन) विधेयक के पक्ष में और 99 सांसदों ने इसके विरोध में मतदान किया।
- अब, नागरिकता (संशोधन) विधेयक राष्ट्रपति के पास उनकी सहमति के लिए भेजा जाएगा।
- इससे पहले, नागरिकता संशोधन विधेयक लोकसभा में 80 के मुकाबले 311 मतों से पारित किया था।

**5.** छठा हिंद महासागर संवाद और दिल्ली संवाद XI कहां शुरू हुआ ____**दिल्ली।**

**नोट:**

- विदेश मंत्रालय नई दिल्ली स्थित प्रवासी भारतीय केंद्र में छठे हिंद महासागर संवाद और दिल्ली संवाद XI की मेजबानी कर रहा है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- पहली बार, ये दो संवाद साथ-साथ और समान हिंद-प्रशांत विषय पर आयोजित हुए।
- छठे हिंद महासागर संवाद का विषय "Indo-Pacific: Re-imagining the Indian Ocean through an Expanded Geography" है।

**6.** इतिहास में सबसे बहुमूल्य सूचीबद्ध कंपनी के रूप में पहला स्थान किसने हासिल किया___ **सऊदी अरामको।**

**नोट:**

- जलवायु संकट में दुनिया के सबसे बड़े योगदानकर्ता का बाजार मूल्य एप्पल और फेसबुक से अधिक था - जो पहले क्रमशः विश्व की सबसे मूल्यवान और पांचवी सबसे मूल्यवान कंपनियां थीं।
- यह बाजार मूल्य के मामले में अमेजन और Google की मूल कंपनी से दोगुनी है, और अगली पांच सूचीबद्ध तेल कंपनियों की तुलना में बड़ी है।

**7. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण** (ASI) ने देश में 138 ऐसे स्मारकों की पहचान की है, जिन्हें कहा जाएगा _____ **Must See.**

**नोट:**

- रुचि रखने वाले लोग पूरी सूची ASI के asimustsee.nic.in "must-see" पोर्टल पर देख सकते हैं।
- "must-see" सूची में ASI के संरक्षण में कई उत्कृष्ट भारतीय स्मारकों और पुरातात्विक स्थलों को शामिल किया गया है, जिसमें कुछ यूनेस्को विश्व धरोहर भी हैं।
- भारत में 38 विश्व धरोहर स्थल हैं, जिनमें स्मारक और गुफाओं सहित 22 सांस्कृतिक स्थल ASI के संरक्षण में हैं।

**8. बांग्लादेश सड़क परिवहन निगम** के अध्यक्ष **एहसान इलाही** ने किन मार्गों पर पूर्व परीक्षण की शुरुआत की _____ **ढाका-गंगटोक और ढाका-दार्जिलिंग बस मार्गों।**

**नोट:**

- सड़क परिवहन विभाग के अधिकारियों सहित लगभग 35 यात्रियों के साथ दो बसें शाम को ढाका से रवाना हुईं।
- ढाका से दार्जिलिंग (सिलीगुड़ी से होकर) लगभग 450 किमी और गंगटोक लगभग 500 किमी दूर है।
- वर्तमान में, बसें बांग्लादेश और भारत के बीच पांच सीमा-पार मार्गों पर चलती हैं - ढाका-कोलकाता-ढाका, ढाका-अगरतला-ढाका, ढाका-सिलहट-शिलांग-गुवाहाटी-ढाका, अगरतला-ढाका-कोलकाता-अगरतला और ढाका-खुलना -कोलकाता-ढाका।

**9.** भारत और रूस के बीच पुणे और गोवा में आयोजित द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास _____**INDRA 2019।**

**नोट:**

- यह सैन्य अभ्यास संयुक्त राष्ट्र (UN) के तत्वावधान में आतंकवाद और उग्रवाद से निपटने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।
- इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में शांति और सुरक्षा बनाए रखने में दोनों सेनाओं के बीच समन्वय को बढ़ाना है।

**10. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन** (ISRO) ने कहां पर कुलशेखरपट्टिनम के एक छोटे तटीय गांव में तीसरा रॉकेट लॉन्चपैड स्थापित करने की तैयारी शुरू की _____**थुथुकुडी, तमिलनाडु।**

**नोट:**

- जिला प्रशासन ने लॉन्चपैड के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को तेज करने हेतु आठ तहसीलदारों के साथ एक विशेष तहसीलदार नियुक्त किया है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- वर्तमान में, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में दो लॉन्चपैड हैं।

**11.** खाद्य नियामक और **नैसकॉम फाउंडेशन** ने खाद्य अपव्यय को रोकने और इस उद्देश्य से खाद्य सामग्री दान करने को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए एक तकनीकी प्लेटफार्म विकसित करने संबंधी एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए _____**भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI)।**

**नोट:**

- वे जरूरतमंदों को भोजन दान करने के लिए एक सार्वजनिक 24×7 हेल्पलाइन नंबर और एक मोबाइल एप्लिकेशन 'फूड डोनेशन इन इंडिया' विकसित करेंगे।
- यह अतिरिक्त खाद्य सामग्री वितरण संगठनों के पंजीकरण को सुविधाजनक बनाने में मदद करेगा।

**12. मालदीव सरकार** ने किसकी परियोजना रिपोर्ट तैयार करने और विकास के लिए भारतीय कंपनियों के एक संयुक्त उद्यम के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए _____ **अड्डू (मालदीव का दूसरा सबसे बड़ा शहर)।**

**नोट:**

- अड्डू रोड एंड रिक्लेमेशन प्रॉजेक्ट के लिए अनुबंध पर L&T इंजीनियरिंग लिमिटेड और ली एसोसिएट्स साउथ एशिया ने हस्ताक्षर किए।
- परियोजना के दायरे में अड्डू में भूमि सुधार, सड़क निर्माण और चक्रवात जल अपवाह तंत्र शामिल हैं।

## महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

**1.** राष्ट्रपति **राम नाथ कोविंद** ने किसकी याद में बनाए जा रहे स्मारक की आधारशिला रखी ______ **पाइका विद्रोह।**

**नोट:**

- पाइका विद्रोह वर्ष 1817 में ओडिशा में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ 200 वर्ष पुराना सशस्त्र विद्रोह है।
- स्मारक को ओडिशा की वीरता के प्रतीक के रूप में देखा जाता है और यह युवाओं के लिए प्रेरणा का काम करेगा।
- 10 एकड़ भूमि में बनने वाला पाइका विद्रोह स्मारक युवाओं और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत होगा।

**2.** राज्य में मानव-वन्यजीव संघर्ष से निपटने के लिए **एंटी-डिप्रेडेशन स्क्वाड** की शुरुआत किसने की ____**असम।**

**नोट:**

- स्क्वाड को समस्या को कम करने और मानव तथा वन्यजीव दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 15 प्रमुख मानव-वन्यजीव संघर्षरत जिलों में तैनात किया जाएगा।
- इस दल के पास वर्तमान में 150 बारह बोर पंप एक्शन गन, 15,000 राउंड रबर की गोलियां और अन्य आवश्यक वस्तुएं हैं।

**3.** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने ताडेपल्ली में अपने कैंप कार्यालय में कौन सी योजना शुरू की____**वाईएसआर लॉ नेस्थम योजना।**

**नोट:**

- इस योजना के तहत, लाभार्थी कनिष्ठ वकीलों के खातों में एक बटन क्लिक करके 5,000 रुपये का वजीफा जमा किया गया।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- वकीलों ने वकील कल्याण कोष में 100 करोड़ रुपये देने और कनिष्ठ वकीलों को 5,000 रुपये का वजीफा देने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

**4. कैप्टन अमरिंदर सिंह** की अध्यक्षता वाले पंजाब मंत्रिमंडल ने किसमें संशोधन करने की सैद्धांतिक मंजूरी दी___ **पंजाब ग्राम पंचायती जमीन (विनियमन) नियम, 1964।**

**नोट:**

- यह शहर में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि बैंक स्थापित करेगा।
- मंत्रिमंडल ने उद्योग विभाग और पंजाब लघु उद्योग एवं निर्यात निगम द्वारा कार्यान्वित औद्योगिक अवसंरचना परियोजनाओं के विकास के लिए शामलात भूमि के हस्तांतरण हेतु विशेष प्रावधान प्रदान करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

**5.** हरियाणा के मुख्यमंत्री **मनोहर लाल खट्टर** ने गुड़गांव के किस महत्वाकांक्षी केंद्र का उद्घाटन किया ____ **एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र (ICCC)।**

**नोट:**

- ICCC को स्मार्ट सिटी अनुप्रयोगों से संबंधित सभी ऑनलाइन डेटा के लिए नोडल केंद्र के रूप में काम करने हेतु तैयार किया गया है, जिसमें CCTV-आधारित सार्वजनिक सुरक्षा और अनुकूल यातायात प्रबंधन प्रणाली, स्मार्ट पार्किंग सिस्टम, जल आपूर्ति प्रबंधन प्रणाली, प्रदूषण निगरानी, संपत्ति कर प्रबंधन प्रणाली और परिसंपत्ति प्रबंधन प्रणाली शामिल हैं।
- यह लोगों को बहुमुखी ऑनलाइन स्मार्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया गया है।

**6.** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने कहां पर इम्फाल से दीमापुर सीधी उड़ान सेवा का उद्घाटन किया___ **इम्फाल हवाई अड्डे।**

**नोट:**

- एलायंस एयर द्वारा संचालित की जा रही उड़ान सेवा सप्ताह में तीन बार होगी।
- यह बेहतर संपर्क दोनों राज्यों के लोगों के बीच गहरे संबंध स्थापित करेगा।

**7.** केंद्रीय मंत्री **हरसिमरत कौर बादल** ने **अवंती मेगा फूड पार्क** का उद्घाटन कहां किया ____**मध्य प्रदेश।**

**नोट:**

- मध्य भारत का यह पहला फूड पार्क 51 एकड़ के क्षेत्र में फैला है और इसका निर्माण लगभग 150 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है।
- इस मेगा फूड पार्क से लगभग 5 हजार स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा।
- पार्क में सोयाबीन, चना, गेहूं और अन्य अनाज एवं सब्जियों का प्रसंस्करण किया जाएगा। अगले चरणों में इंदौर, उज्जैन, धार और आगर में गोदाम भी खोले जाएंगे।

**8.** भोपाल के टीटी नगर स्टेडियम में दूसरी **एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (EMRS)** अखिल भारतीय खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन किसने किया____**कमलनाथ।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (EMRS) योजना आदिवासी मामलों के मंत्रालय की प्रमुख योजनाओं में से एक है, जिसे वर्ष 1997-98 में जनजातीय छात्रों को दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए शुरू किया गया था।
- मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों के आदिवासी लोक कलाकार कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम करेंगे।
- 20 राज्यों के 284 एकलव्य विद्यालयों के 4500 खिलाड़ी प्रतियोगिता के दौरान 16 खेलों में अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

**9.** अपना वर्ल्ड हैवीवेट ताज पुनः किसने हासिल किया ___ **एंथनी जोशुआ।**

**नोट:**

- जोशुआ ने सऊदी अरब के अद दिरियाह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना IBF, WBA और WBO खिताब हासिल किया।
- शुरूआत से ही हावी रहे, जोशुआ ने दो स्कोरकार्ड पर 118-110 के अंतर से जीत हासिल की और तीसरे में यह 119.19 रहा।

**10.** तीन दिवसीय **राष्ट्रीय जनजातीय नृत्य महोत्सव** कहां आयोजित किया जाएगा ___**रायपुर, छत्तीसगढ़।**

**नोट:**

- 23 राज्यों के 151 कला मंडलों के लगभग 1,400 कलाकार और श्रीलंका, बेलारूस, युगांडा और बांग्लादेश सहित छह देशों के अतिथि कलाकार इस आदिवासी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेंगे।

**11. इनर लाइन परमिट (ILP)** शासन को कहां तक विस्तारित किया गया ____ **मणिपुर।**

**नोट:**

- अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और मिजोरम के बाद मणिपुर चौथा राज्य है जहां ILP शासन लागू किया गया है।
- ILP- शासन राज्यों का दौरा करने के लिए, देश के अन्य राज्यों के लोगों सहित बाहरी लोगों को अनुमति लेने की आवश्यकता होती है।
- इनर लाइन परमिट (ILP) भारत सरकार द्वारा जारी एक आधिकारिक यात्रा दस्तावेज है जो एक सीमित अवधि तक संरक्षित क्षेत्र में किसी भारतीय नागरिक को यात्रा की अनुमति देता है।

**12. पुडुचेरी सरकार** ने किस नीति का अनावरण किया ____ **स्टार्ट-अप नीति।**

**नोट:**

- नीति का उद्देश्य स्टार्ट-अप इन्क्यूबेटरों की स्थापना का समर्थन करने और सह-कार्य स्थल विकसित करने के लिए 10 करोड़ रुपये की राशि कोष तैयार करना है।
- एक स्टार्टअप वह कंपनी या परियोजना है जो एक उद्यमी द्वारा स्केलेबल बिजनेस मॉडल को प्रभावी ढंग से विकसित करने और मजबूत करने के लिए शुरू किया जाता है।

**13.** महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों को रोकने के लिए राज्य में **फास्ट-ट्रैक कोर्ट** के निर्माण को मंजूरी देने वाली राज्य सरकार __ **आंध्र प्रदेश।**

**नोट:**

- प्राथमिकी (FIR) दर्ज होने के 21 दिनों के अंदर सजा के साथ मुकदमे को पूरा करने का प्रस्ताव दिया गया है।
- यह निर्णय मुख्यमंत्री वाई.एस. जगनमोहन रेड्डी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**14.** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री **वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी** ने कहां पर **वर्चुअल पुलिस स्टेशन** का उद्घाटन किया ___ **आंध्र प्रदेश विश्वविद्यालय।**

**नोट:**

- वर्चुअल पुलिस स्टेशन आंध्र प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति के सुझाव पर (एक प्रायौगिक प्रॉजेक्ट के रूप में) स्थापित किया गया है ताकि छात्रों को अपनी शिकायतें दर्ज करने में आसानी हो।
- इस पहल से छात्रों और पुलिस विभाग के बीच के अंतर को कम करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

**1.** मस्कट में आयोजित **वर्ल्ड ट्रैवल अवॉर्ड** (WTA) के 26वें संस्करण में दुनिया के **प्रमुख खेल पर्यटन स्थल** के रूप में किसे चुना गया ___**अबू धाबी।**

**नोट:**

- यह लगातार सातवीं बार है जब अबू धाबी को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना गया है।
- अबू धाबी विश्व की कुछ शीर्ष खेल प्रतियोगिताओं जैसे फीफा क्लब विश्व कप 2017 और 2018, UAE टूर का पहला संस्करण, AFC एशियन कप 2019, स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड गेम्स 2019, UFC 242 शोडाउन और ब्राजील बनाम दक्षिण कोरिया अंतर्राष्ट्रीय मैत्री मैच की मेजबानी करने के बाद 2019 में खेल पर्यटन के लिए एक बार फिर प्रमुख गंतव्य के रूप में सामने आया है।

**2.** संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका की थल सेनाओं के बीच एक संयुक्त सैन्य अभ्यास __**आयरन यूनियन 12।**

**नोट:**

- कुछ सप्ताह तक, 'आयरन यूनियन 12' में दोनों देश युद्ध और सामरिक क्षमताओं को बढ़ाने के लिए संयुक्त सैन्य अभ्यास में भाग लेंगे।
- संयुक्त अरब अमीरात सशस्त्र बलों का मैत्रीपूर्ण देशों के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास नवीनतम विकास के अनुरूप होते हैं और देश में आने वाले सभी खतरों और चुनौतियों के खिलाफ मजबूती से खड़े रहने के संयुक्त अरब अमीरात सशस्त्र बलों के दृढ़ संकल्प को दर्शाते हैं।

**3.** अतुल्य भारत रोड शो कहां आयोजित किया गया___**सिंगापुर।**

**नोट:**

- भारतीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा आयोजित रोड शो भारतीय पर्यटन उद्योग के हितधारकों को अपने सिंगापुर के समकक्षों के साथ बातचीत करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा।
- भारतीय प्रतिनिधिमंडल में पंजाब और मध्य प्रदेश की राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों के साथ 25 टूर ऑपरेटर और गंतव्य प्रबंधन कंपनियां शामिल हैं।

**4.** चालक रहित वाहनों का 5G तकनीक पर कहां परीक्षण किया जा रहा है___ **संयुक्त अरब अमीरात।**

**नोट:**

- UAE के TRA (दूरसंचार नियामक प्राधिकरण) के महानिदेशक ने कहा, वे परिवहन, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में 5G नेटवर्क का विस्तार करेंगे।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- उद्योग की रिपोर्टों के अनुसार, 5G-युक्त चालक रहित वाहन अधिक कुशल और एक दूसरे और यातायात अवसंरचना के साथ त्वरित संचार करने में सक्षम होंगे, जिससे ट्रैफिक संबंधी बाधाओं को कम करने में मदद मिलेगी।
- 5G तकनीक इन वाहनों को ट्रैफिक की स्थिति और संभावित खतरों की त्वरित पहचान करने में भी सक्षम कर सकती है।

**5.** वर्तमान में जारी COP25 जलवायु शिखर सम्मेलन में **2019 जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (CCPI)** कहां पेश किया गया___**मैड्रिड, स्पेन।**

**नोट:**

- पहली बार, भारत उच्च जलवायु प्रदर्शन वाले शीर्ष 10 देशों में शामिल हुआ।
- भारत को 57 देशों और यूरोपीय संघ के बीच जलवायु नीति प्रदर्शन के लिए सूचकांक में 9वें स्थान पर रखा गया है।
- हालांकि, रैंकिंग के पहले तीन स्थान रिक्त हैं और स्वीडन (चौथे) और डेनमार्क (5वें) स्थान पर हैं।

**6.** विश्व के पहले पूर्ण रूप से इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक विमान ने कहां पर अपनी पहली परीक्षण उड़ान भरी _____ **कनाडा।**

**नोट:**

- विश्व के पहले पूर्ण रूप से इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक विमान ने कनाडा के वैंकूवर में अपनी पहली परीक्षण उड़ान भरी।
- प्रौद्योगिकी का अर्थ एयरलाइनों के लिए महत्वपूर्ण लागत बचत, इसके अतिरिक्त शून्य उत्सर्जन होगा।
- उड़ान की सीमा क्रांति लाने के लिए पर्याप्त है, बैटरी और इलेक्ट्रिक मोटर को जोड़कर बाद में लंबी उड़ानों को सक्षम बनाया जाएगा।

**7.** नौसेना हथियार प्रणाली पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी और प्रदर्शनी **'NAVARMS-19'** का चौथा संस्करण कहां शुरू हुआ _____**नई दिल्ली।**

**नोट:**

- दो दिवसीय कार्यक्रम, नौसेना हथियार प्रणाली के क्षेत्र में भारतीय/अंतर्राष्ट्रीय रक्षा उद्योग के लिए विचारों के आदान-प्रदान, जागरूकता उत्पन्न करने और उभरती अपेक्षाओं की पहचान करने का अवसर प्रदान करेगा।
- इस दिवस का विषय "Make in India - Fight Category: Opportunities and Imperatives" है।

**8.** ब्रिटेन में आम चुनाव किसने जीता ____ **बोरिस जॉनसन।**

**नोट:**

- प्रधान मंत्री **बोरिस जॉनसन** के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ कंजरवेटिव पार्टी ने आकस्मिक चुनावों में पूर्ण बहुमत हासिल किया
- कंजर्वेटिव पार्टी को लोअर हाउस ऑफ कॉमन्स में 650 सीटों में से 365 सीटें मिलीं।
- यूनाइटेड किंगडम में, भारतीय मूल के 15 राजनेताओं ने ऐतिहासिक आम चुनाव के माध्यम से हाउस ऑफ कॉमन्स में प्रवेश किया।

**9.** हैदराबाद, तेलंगाना में आयोजित होने वाले **बायो एशिया 2020** के 17वें संस्करण में भागीदार देश होगा____ **स्विट्जरलैंड।**

**नोट:**

- शिखर सम्मेलन का विषय **"कल के लिए आज"** (Today For Tomorrow) होगा।
- स्विट्जरलैंड चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा की दुनिया में नवाचार ला रहा है और कई फार्मास्युटिकल कंपनियां स्विट्जरलैंड के केंद्र के रूप में उभरी हैं।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

## सम्मान एवं पुरस्कार

**1.** अटलांटा में आयोजित एक शानदार समारोह में **मिस यूनिवर्स 2019** का ताज किसे पहनाया गया___ **ज़ोजिबिनी टूंजी।**

**नोट:**

- **मैडिसन एंडरसन** (मिस यूनिवर्स प्यूर्टो रिको) इस प्रतियोगिता में प्रथम उपविजेता रहीं।
- **सोफिया अर्गोन** (मिस यूनिवर्स मैक्सिको) द्वितीय उपविजेता रहीं।
- मिस यूनिवर्स एक वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतिस्पर्धा है जो मिस यूनिवर्स संगठन द्वारा संचालित की जाती है।

**2.** रचना **'अस्ति और भवति'** के लिए वर्ष 2019 के प्रतिष्ठित **33वें मूर्तिदेवी पुरस्कार** के लिए किसे चुना गया __ **डॉ. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी।**

**नोट:**

- अस्ति और भवति डॉ. तिवारी की आत्मकथा है जो विभिन्न सांसारिक स्थानों में ऐतिहासिक, दार्शनिक और सांस्कृतिक पहलुओं को प्रकट करती है और इस प्रकार सामाजिक और सांस्कृतिक परिदृश्य में बदलते मूल्यों जैसे विषयों में जीवन को प्रज्वलित करती है।
- डॉ. तिवारी ने आठ काव्य संग्रह, तीन यात्रा वृतांत, एक डायरी और कई समालोचक निबंध प्रकाशित किए हैं।
- इस पुरस्कार में मां सरस्वती की एक प्रतिमा, एक प्रशस्ति पत्र और चार लाख रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

**3.** कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड एप्लायंस मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन द्वारा **"लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड"** से किन्हें सम्मानित किया गया __ **गुलू मीरचंदानी।**

**नोट:**

- उन्हें उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।
- कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड एप्लायंस मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन (CEAMA) उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और स्थाई वस्तु क्षेत्र में एक अखिल भारतीय संगठन है।

**4.** स्वीडिश जलवायु कार्यकर्ता जिन्हें टाइम मैगजीन का अब तक का सबसे युवा **पर्सन ऑफ द ईयर** चुना गया__ **ग्रेटा थुनबर्ग।**

**नोट:**

- ग्रेटा थुनबर्ग को दुनिया के नेताओं के प्रति उनके सख्त अभिभाषण के लिए जाना जाता है।
- वह टाइम पर्सन ऑफ द ईयर चुनी जाने वालीं सबसे युवा व्यक्ति हैं।
- इस वर्ष की शुरुआत में, थुनबर्ग को नोबेल शांति पुरस्कार 2019 के लिए नामित किया गया था, उन्हें "फ्राइडे फॉर फ्यूचर" साप्ताहिक स्कूल विरोध प्रदर्शन में छात्रों की भीड़ जुटाने के लिए जाना जाता है।

**5.** जलवायु कार्यकर्ता जिन्होंने टाइम पर्सन ऑफ द ईयर 2019 जीता___ **ग्रेटा थुनबर्ग।**

**नोट:**

- स्वीडिश जलवायु कार्यकर्ता **ग्रेटा थुनबर्ग** (16-वर्षीय) को टाइम मैगजीन का अब तक का सबसे युवा **पर्सन ऑफ द ईयर** चुना गया है।
- ग्रेटा थुनबर्ग को दुनिया के नेताओं के प्रति उनके सख्त अभिभाषण के लिए जाना जाता है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- वह टाइम पर्सन ऑफ द ईयर चुनी जाने वालीं सबसे युवा व्यक्ति हैं।
- टाइम्स पर्सन ऑफ द ईयर (वर्ष 1999 तक मैन ऑफ द ईयर या वूमन ऑफ द ईयर) अमेरिकी समाचार पत्रिका टाइम का वार्षिक अंक है।

**6.** ओडिशा ने झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लाखों शहरी-गरीब लोगों के लाभ हेतु कार्यान्वित एक परियोजना **जागा मिशन** (ओडिशा लिवेबल हैबिटेट मिशन (OLHM) के लिए कौन सा अवॉर्ड जीता___ **वर्ल्ड हैबिटेट अवार्ड।**

**नोट:**

- जागा ओडिशा सरकार के आवास एवं शहरी विकास विभाग (HUDD) के अधीन एक सोसाइटी है।
- OLHM-जागा का उद्देश्य मलिन बस्तियों को रहने योग्य आवासों में बदलना है और जिसके तहत झुग्गियों में रहने वाले 52,682 शहरी गरीब परिवारों को भूमि अधिकार प्रमाण पत्र प्रदान किए गए हैं।

**7.** तीन वर्ष के लिए **प्यूमा** का नया ब्रांड एंबेसडर किसे नियुक्त किया गया ___ **सुनील छेत्री।**

**नोट:**

- इस अनुबंध के साथ छेत्री प्यूमा ब्रांड की एंटोनी ग्रीज़मैन, रोमेलु लुकाकू, लुइस सुआरेज़ और सर्जियो अगुएरो जैसे वैश्विक खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं।
- सुनील छेत्री भारतीय राष्ट्रीय फुटबॉल टीम और बेंगलुरु फुटबॉल क्लब के कप्तान हैं।
- सुनील छेत्री को वर्ष 2011 में अर्जुन पुरस्कार और वर्ष 2019 में पद्म श्री से भी सम्मानित किया गया था।

**8.** भारत में पेप्सी का ब्रांड एंबेसडर किन्हें नियुक्त किया गया ___**सलमान खान।**

**नोट:**

- विज्ञापन वर्ष 2020 में लॉन्च किया जाएगा और वर्ष 2019 की गर्मियों में लॉन्च की गई "SWAG" थीम पर आधारित अभियान शुरू करेगा।
- पहले सलमान खान पेप्सिको की प्रतिद्वंद्वी कंपनी कोका-कोला के लोकप्रिय ब्रांड थम्स अप और इसके साथ ही पार्ले एग्रो- समर्थित सॉफ्ट ड्रिंक एप्पी फिज़ के ब्रांड एंबेसडर भी थे।
- इससे पहले, उन्होंने पेप्सिको के माउंटेन ड्यू ड्रिंक का भी विज्ञापन किया था।

**9.** बॉलीवुड अभिनेता जिन्हें नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी (NADA) का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया __ **सुनील शेट्टी।**

**नोट:**

- यह नियुक्ति युवा एवं खेल मामलों के राज्य मंत्री (MoS) किरण रिजिजू की उपस्थिति में हुई।
- नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (NADA) भारत में खेल के सभी प्रारूपों में इसके डोपिंग नियंत्रण कार्यक्रम को बढ़ावा देने, समन्वय और निगरानी के लिए उत्तरदायी राष्ट्रीय संगठन है।

**10.** सामाजिक उद्यमिता श्रेणी के तहत ब्लू स्काई एनालिटिक्स द्वारा विकसित किस ऐप को कोपरनिकस मास्टर्स अवॉर्ड प्रदान किया गया___**जूरी ऐप (Zuri app)।**

**नोट:**

- यह पुरस्कार यूरोपीय आयोग द्वारा यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA) की साझेदारी में प्रबंधित पृथ्वी अवलोकन कार्यक्रम द्वारा दिया गया।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- स्टार्टअप पर्यावरणीय समस्याओं को हल करने और अपने AI (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) आधारित उपकरण का उपयोग करके भारत के खेतों में आग की घटना और पराली जलाने की निगरानी करने के लिए उपग्रह से प्राप्त जानकारी के उपयोग पर काम कर रहा है।

**11.** फोर्ब्स द्वारा जारी **'विश्व की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं' की सूची** में 34वां स्थान ___ **निर्मला सीतारमण।**

**नोट:**

- रोशनी नादर मल्होत्रा ( HCL कॉर्पोरेशन की CEO और कार्यकारी निदेशक) और किरण मजूमदार शॉ (बायोकॉन संस्थापक) दो अन्य भारतीय हैं जो शीर्ष 100 की सूची में भी शामिल हैं।

**12.** भारतीय क्रिकेटर जिन्हें भारत में ला लीगा का **ब्रांड एंबेसडर** नियुक्त किया गया __ **रोहित शर्मा।**

**नोट:**

- इसके साथ, स्टार क्रिकेटर रोहित शर्मा, ला लीगा के वैश्विक ब्रांड एंबेसडर चुने जाने वाले दुनिया के पहले गैर-फुटबॉल खिलाड़ी बन गए हैं।
- ला लीगा स्पेनिश फुटबॉल लीग की शीर्ष पेशेवर फुटबॉल लीग है।
- एक ब्रांड एंबेसडर वह व्यक्ति होता है जो किसी संगठन या कंपनी द्वारा किसी ब्रांड का सकारात्मक दृष्टि से प्रतिनिधित्व करने के लिए नियुक्त किया जाता है और ऐसा करने से ब्रांड के प्रति जागरूकता और बिक्री बढ़ाने में मदद मिलती है।

## खेल समाचार

**1.** डेनमार्क की खिलाड़ी जिन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2020 के बाद टेनिस से संन्यास लेने की घोषणा की ___ **कैरोलिन वोज्नियाकी।**

**नोट:**

- कैरोलिन (29-वर्षीय) ने अपने तीसरे प्रमुख फाइनल में पिछले वर्ष मेलबर्न में अपना एकमात्र ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीता था।

**2.** प्रधान मंत्री **शेख हसीना** ने मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में किस लीग का उद्घाटन किया __ **बंगबंधु बांग्लादेश प्रीमियर लीग।**

**नोट:**

- यह बांग्लादेश प्रीमियर लीग ट्वेंटी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट (BBPL) का विशेष संस्करण है जिसका नाम बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की 100वीं जयंती के उपलक्ष्य में उनके नाम पर रखा गया है।
- BBPL प्रतियोगिता में कुल 7 टीमें भाग ले रही हैं, प्रतियोगिता में 4 प्लेऑफ मैचों सहित 46 मैच खेले जाएंगे।
- यह पहली बार है जब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) बिना किसी फ्रेंचाइजी को शामिल किए प्रीमियर लीग मैचों का आयोजन कर रहा है।

**3.** रूस को किसने सभी प्रमुख खेल प्रतियोगिताओं से चार वर्ष के लिए प्रतिबंधित किया ____ **वर्ल्ड एंटी-डोपिंग एजेंसी (वाडा)।**

**नोट:**

- वाडा की कार्यकारी समिति ने स्विट्जरलैंड के लुसाने में आयोजित एक बैठक में रूस पर प्रतिबंध लगाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- यह कदम रूस की एंटी-डोपिंग एजेंसी (रुसाडा) द्वारा जनवरी 2019 में जांचकर्ताओं को सौंपे गए प्रयोगशाला आंकड़ों में हेरफेर करने के लिए गैर-संगत घोषित किए जाने के बाद उठाया गया।

**4.** अनुभवी सलामी बल्लेबाज जो 150 रणजी मैच खेलने वाले भारतीय क्रिकेट के पहले खिलाड़ी बने _____ **वसीम जाफर।**

**नोट:**

- जाफर ने कुल मिलाकर 253 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 51.19 के औसत से 19,147 रन बनाए हैं।
- उन्होंने 57 शतक और 88 अर्द्धशतक बनाए हैं तथा 314 रन उनका सर्वाधिक स्कोर है।
- जाफर के बाद बल्लेबाज देवेंद्र बुंदेला (145 मैच) और अमोल मुजुमदार (136 मैच) हैं।

**5. 2019 दक्षिण एशियाई खेल** (आधिकारिक तौर पर, XIII दक्षिण एशियाई खेल) कहां आयोजित किए गए थे _____**नेपाल।**

**नोट:**

- काठमांडू के ऐतिहासिक दशरथ रंगशाला में आयोजित समापन समारोह में हजारों खेल प्रेमी शामिल हुए।
- टूर्नामेंट के 13वें संस्करण में भारत पदक तालिका में 312 पदक (174 स्वर्ण, 93 रजत, 45 कांस्य) हासिल करके अन्य टीमों से काफी आगे रहा।
- सात देशों (बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका) ने 27 खेलों की प्रतियोगिता में भाग लिया।

**6.** लंदन में आयोजित **लंदन चेस क्लासिक** की FIDE ओपन श्रेणी किसने जीती __ **आर. प्रगानंनधा।**

**नोट:**

- उन्होंने नौ राउंड में पदक तालिका में 7.5 अंकों के साथ टूर्नामेंट जीता।
- आर. प्रगानंनधा ऑस्ट्रेलिया के एंटोन स्मिरनोव के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर रहे और दोनों ने 7.5 अंक हासिल किए।
- लंदन चेस क्लासिक ओलम्पिया कॉन्फ्रेंस सेंटर, वेस्ट केंसिंगटन, लंदन में आयोजित एक शतरंज मेला है।

**7.** केंद्रीय खेल मंत्री **किरण रिजिजू** ने कहां पर आयोजित दक्षिण एशियाई खेलों के 174 स्वर्ण पदक विजेताओं में से प्रत्येक को नकद पुरस्कार देने की घोषणा की ______ **नेपाल।**

- 174 स्वर्ण पदक विजेता- 1.5 लाख रुपये/व्यक्ति।
- 93 रजत पदक विजेता - 1.0 लाख रुपये/व्यक्ति।
- 45 कांस्य पदक विजेता - 50,000 रुपये/व्यक्ति।

**नोट:**

- केंद्र सरकार के पास दक्षिण एशियाई खेलों और ओलंपिक, एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेलों जैसे अन्य बहु-राष्ट्रीय खेल प्रतिस्पर्धाओं में पदक जीतने वालों के लिए एक संरचित नकद इनाम नीति होगी।

**8.** पूर्व भारतीय क्रिकेटर जो शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित **पुरुष एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच** में **पहली महिला रेफरी** बनीं ____ **गंडिकोटा सर्व लक्ष्मी।**

**नोट:**

- मैच UAE और संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) के बीच है।
- लक्ष्मी को मई 2019 में ICC (अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी में पहली महिला के रूप में नियुक्त किया गया था।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- गंडिकोटा सर्व लक्ष्मी तीन महिला एकदिवसीय मैच, 16 पुरुष T20 अंतर्राष्ट्रीय और सात महिला T20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में रेफरी रही हैं।

**9.** भारतीय खिलाड़ी जिन्हें **स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ द ईयर अवार्ड 2019** से सम्मानित किया गया __ **रानी रामपाल।**

**नोट:**

- **पुरुष वर्ग** में, एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज **सौरभ चौधरी** ने स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ द ईयर अवॉर्ड 2019 जीता।
- पुरस्कार समारोह नई दिल्ली स्थित फिक्की फेडरेशन हाउस में आयोजित किया गया था।

**10.** स्विट्जरलैंड के लुसाने में वर्ष 2020 के लिए एक **नई विश्व रैंकिंग प्रणाली** का अनावरण किसने किया ___ **अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (FIH)।**

**नोट:**

- यह अगले महीने की पहली तारीख से लागू होगी।
- वर्तमान प्रदर्शन के बेहतर परिणाम के लिए, नई रैंकिंग टूर्नामेंट-आधारित गणना के बजाय मैच-आधारित गणना पर होगी।
- नया स्वरूप सभी के लिए एक निष्पक्ष प्रणाली बनाकर महाद्वीपीय मूल्यांकन परिवेश की अनेक विषय वस्तु को हटा देता है।

**--------------0--------------**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

gradeup

# Gradeup Green Card

## Features:

- 700 + Full-length Mocks
- 35+ Bank & Insurance Exams Covered
- Tests Available in English & Hindi
- Performance Analysis & All India Rank
- Previous Year Question Papers in Mock Format
- Available on Mobile & Desktop

GET IT ON Google Play

www.gradeup.co